प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राजस्व घाटा अनुदान समाप्त होने के बावजूद ओपीएस और सभी प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं पूर्व की तरह रहेंगी जारी।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–सभी स्कूलों में एक मार्च से मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर लगेगा प्रतिबंध–जल्द जारी होगी एस.ओ.पी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– केन्द्र सरकार ने ट्रेड डील में बागवानों के हितों का रखा है पूरा ध्यान–सेब बागवानो को नहीं होगा नुकसान।
- राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने केन्द्र से रंगस–लठियानी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की।
- केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर के अनुसार नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत हिमाचल के चार स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा राजस्व घाटा अनुदान समाप्त करने के बावजूद राज्य सरकार की पुरानी पैंशन योजना और सभी प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं पूर्व की तरह जारी रहेंगी। आज शिमला से दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से 2021 तक पूर्व भाजपा सरकार के कुप्रबंधन और फिजूलखर्ची के कारण आज प्रदेश की वित्तीय स्थिति कमजोर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान हिमाचल को 54 हजार करोड़ आरडीजी, 16 हजार करोड़ जीएसटी कंपनसेशन मिला लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार को पिछले तीन साल में केवल 17 हजार करोड़ आर.डी.जी के रूप में प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार कड़े फैसले लेकर हिमाचल प्रदेश के विकास को आगे ले जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश हित में सभी को दलगत राजनीति से उपर उठकर केन्द्र के समक्ष अपनी आवाज उठानी चाहिए। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा भाजपा विधायकों को वित्तीय प्रस्तुति के लिए आमंत्रित नहीं किए जाने के आरोपों को खारिज किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आर.डी.जी. की बहाली के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करेंगे और उनसे मिलने का समय मांगा है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और इसी कड़ी में स्कूलों में एक मार्च से मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया गया है। इस संबंध में जल्द ही विस्तृत एस.ओ.पी जारी की जाएगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि स्कूलों में शिक्षक कैंपस में दो मोबाइल फोन ले जा सकेंगे, लेकिन कक्षाओं के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक रहेगी।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि अमेरिका से हुई ट्रेड डील और यूरोपियन यूनियन से हुए मुक्त व्यापार समझौते में मोदी सरकार देश के सभी वर्गों के हितों का पूरा ख्याल रखा है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि केन्द्र द्वारा सेब के न्यूनतम आयात मूल्य को बढ़ाने की वजह से किसी भी देश के सेब की लैंडिंग कॉस्ट हिमाचल के सेब से अधिक ही रहेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और अमेरिका से आने वाले सेब के मामले में बागवानों के हितों को पूरी तरह सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने सेब आयात के लिए न्यूनतम

आयात मूल्य, सीमित कोटा, मौसमी समय सीमा और सेफ गार्ड प्रावधानों को प्रभावी तरीके से लागू किया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा इन प्रावधानों से सस्ता विदेशी सेब भारतीय मंडियों में आकर हिमाचल के बागवानों को नुकसान नहीं पहुंचा सकता।

<u>सिकंदर कुमार</u>

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने आज संसद में हमीरपुर और ऊना ज़िलों को जोड़ने वाले रंगस–लठियानी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग उठाई। उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को बताया कि इस मार्ग पर धनेटा से बंगाणा सुरंग निर्माण पहले से प्रस्तावित है और इस मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध व अन्य धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालु आसानी से पहुंच सकेंगे। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने रंगस–लठियानी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की प्रक्रिया को गति देने और इसके लिए आवश्यक बजट इसी वित्त वर्ष में आबंटित करने का केन्द्र से आग्रह किया।

<u>इंदु बाला</u>

केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के चार स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए गए हैं। राज्यसभा सांसद इंदुबाला गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार ने स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने के लिए वर्ष 2023–24 और वर्ष 2025–26 के लिए एक हज़ार 2 सौ 61 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया है। रामनाथ ठाकुर ने बताया कि देश की अग्रणी फर्टिलाइजर कम्पनियों ने अपने संसाधनों के उपयोग से वर्ष 2023–24 के दौरान एक हज़ार 94 ड्रोन वितरित किए जिनमें से 5 सौ ड्रोन नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत वितरित किए गए हैं।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राजस्व घाटा अनुदान समाप्त होने के बावजूद ओपीएस और सभी प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं पूर्व की तरह रहेंगी जारी।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–सभी स्कूलों में एक मार्च से मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर लगेगा प्रतिबंध–जल्द जारी होगी एस.ओ.पी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– केन्द्र सरकार ने ट्रेड डील में बागवानों के हितों का रखा है पूरा ध्यान–सेब बागवानो को नहीं होगा नुकसान।
- राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने केन्द्र से रंगस–लठियानी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की।
- केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर के अनुसार नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत हिमाचल के चार स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान।